**EXECUTIVE SUMMARY OF THE AGEGUIDE NORTHEASTERN ILLINOIS COMMUNITY NEEDS ASSESSMENT FINDINGS**

# एजगाइड नॉर्थईस्टर्न इलिनोइस समुदाय आवश्यकता मूल्यांकन के निष्कर्षों का सारांश

एक नए तीन-वर्षीय क्षेत्र योजना चक्र की तैयारी में, एजगाइड ने कई हितधारकों के साथ सुनने वाले सेशन किये और अपने आठ-काउंटी नियोजन और सेवा क्षेत्र में एक आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षण का संचालन किया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि एजगाइड और उसके वित्त पोषित साझेदार वृद्ध वयस्कों के साथ-साथ उनकी देखभाल करने वालों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। इसके अलावा, आवश्यकता मूल्यांकन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या कार्यक्रम और सेवाएं आठ-काउंटी क्षेत्र की विविध चुनौतियों और जरूरतों को संबोधित कर रहे हैं या नहीं। विशेष रूप से, एजगाइड ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने सेवा वितरण डिजाइन का आकलन किया कि उसके कार्यक्रम सबसे बड़ी सामाजिक और आर्थिक आवश्यकता वाले लोगों को लक्षित कर रहे हैं। विविधता, समानता और समावेश को प्राथमिकता देने के लिए, एजगाइड ने एक पुरसक्रित मूल्यांकन उपकरण का चयन किया, जो रंग, गैर-अंग्रेज़ी बोलने वालों और एलजीबीटी समुदायों के इनपुट को सर्वोत्तम रूप से कैप्चर करता है। विविधता कार्यप्रणाली को तब सर्वेक्षण और सुनने वाले सेशन कार्यान्वयन टूल पर लागू किया गया।

## Listening Sessions & Survey
## सुनने वाले सेशन और सर्वेक्षण

एजगाइड ने कुल 250 से अधिक प्रतिभागियों के साथ 25 सुनने वाले सेशन आयोजित किए। कुल मिलाकर, एजगाइड ने समुदाय को सुनने में 36 घंटे बिताए। सुनने वाले सेशन के पूरक के लिए, एजगाइड ने एक ऑनलाइन सर्वेक्षण जारी किया जिसका अंग्रेजी के अलावा अपने क्षेत्र की छह सबसे आम भाषाओं में अनुवाद किया गया। अनुरोध पर कागज की प्रतियां भी प्रदान की गईं। सर्वेक्षण को 460 से अधिक प्रतिक्रियाएं मीलि। सुनने वाले सेशन और सर्वेक्षण प्रश्न, दोनों ही निम्नलिखित सेवा श्रेणियों के ध्यान में रखते हुए आयोजित किए गए:

- सूचना/रेफरल और आउटरीच सेवाएं
- पोषाहार सेवाएं
- हेल्थी एजिग की सेवाएं
- देखभालकर्ता की सहायता और शिक्षा
- काउंसिलिंग और मानसिक स्वास्थ्य
- परिवहन
- कानूनी सेवाएं
- वेटरन्स सेवाएं
- आवास सेवाएं
- दुर्व्यवहार निवारण सेवाएं

## Listening Session Findings

1910 S. Highland Ave, Suite 100, Lombard, IL 60148 PHONE: 630/293-5990 FAX: 630/293-7488
TOLL FREE: 800/528-2000 E-Mail: info@ageguide.org WEBSITE: www.ageguide.org
Counties Served: DuPage, Grundy, Kane, Kankakee, Kendall, Lake, McHenry and Will

## सुनने वाले सेशन के परिणाम

सुनने वाले सेशन में जो चुनौतियाँ सबसे ज्यादा सामने आई, वो है टेक्नोलॉजी, सांस्कृतिक सहयोग की आवश्यकता तथा विभिन्न भाषाओं में सेवाओं की उपलब्धता और COVID-19 महामारी। सेवा श्रेणियों के मामले में, परिवहन सबसे अधिक चर्चा में रहा। प्रतिभागियों ने उपलब्धता, लचीलेपन और किफायत बढ़ाने की आवश्यकता का संकेत दिया। पोषण दूसरी सबसे आम सेवा श्रेणी थी जिसका उल्लेख किया गया जिसमें अधिक होम डिलीवरी भोजन, ज्यादा सामुदायिक भोजन स्थलों और अधिक पौष्टिक भोजन की आवश्यकता को जरूरी बताया गया।

## Survey Findings
## सर्वेक्षण के परिणाम

सर्वेक्षण के उत्तरदाता बड़े पैमाने पर 65 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्क थे। उच्चतम भागीदारी प्रतिशत वाले तीन काउंटियों में ड्यूपेज (25%), विल (21%) और लेक (17%) थे। जनसांख्यिकीय डेटा ने संकेत दिया कि परिणामो ने लक्षित आबादी के एक विस्तृत और प्रतिनिधि खंड को कैप्चर किया। कुल मिलाकर, उत्तरदाताओं में से 75% श्वेत थे, और 25% गैर-श्वेत थे। गैर-श्वेत प्रतिभागियों के 3 सबसे बड़े उपसमूह एशियाई/प्रशांत द्वीपवासी (11%), काले (7%), और हिस्पैनिक/लातीनी (3%) थे।

सभी सेवा श्रेणियों में, गैर-श्वेत प्रतिभागियों ने बताया कि उन्होंने श्वेत प्रतिभागियों की तुलना में उपलब्ध सेवाओं का अधिक बार उपयोग नहीं किया। यह चलन सुनने के सेशन के निष्कर्षों में चर्चा की गई भाषा और सांस्कृतिक बाधाओं से जुड़ी हो सकती है। इसके अलावा, परिवहन, पोषण स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य की सेवा श्रेणियों के भीतर भाषा और सांस्कृतिक बाधाओं का विषय विशेष रूप से दीर्घस्थायी था।

निम्नलिखित जानकारी प्रत्येक सेवा श्रेणी में मुख्य पहचानी गई आवश्यकता (आवश्यकताओं) का विवरण देती है।

## Top Identified Needs by Service Category
## सेवा श्रेणी द्वारा शीर्ष पहचानी गई आवश्यकताएं

### Information/Referral & Outreach:
### सूचना / रेफरल और आउटरीच:
- परिवहन - अधिक जानकारी और रेफरल विकल्प
- आउटरीच - सेवाओं और संसाधनों के बारे में जागरूकता/शिक्षा में वृद्धि
- मानसिक स्वास्थ्य-अधिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और आउटरीच

### Nutrition Services:
### पोषण सेवाएं:
- सामाजिक भोजन - सामुदायिक भोजन और सामूहिक भोजन
- भोजन की विविधता - जातीय और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त भोजन
- विशेष भोजन - विशेष आहार और/या स्वास्थ्य स्थितियों के लिए भोजन

USAging
Leaders in Aging Well at Home
1910 S. Highland Ave, Suite 100, Lombard, IL 60148 PHONE: 630/293-5990 FAX: 630/293-7488
TOLL FREE: 800/528-2000 E-Mail: info@ageguide.org WEBSITE: www.ageguide.org
Counties Served: DuPage, Grundy, Kane, Kankakee, Kendall, Lake, McHenry and Will

**Healthy Aging Services:**
**हेल्थी एजिग की सेवाएं:**
- आसानी से उपलब्ध -उपलब्ध सेवाओं के बारे में जागरूकता/शिक्षा और उनका उपयोग कैसे करें

**Caregiver Support & Education:**
**देखभालकर्ता की सहायता और शिक्षा:**
- राहत देखभाल सेवाएं
- अडल्ट डे सेवाएं (जैसे अडल्ट डे केयर)
- देखभालकर्ता सहायता समूह - व्यक्तिगत संपर्क और संसाधन की मदद

**Counseling & Mental Health:**
**काउंसिलिंग और मानसिक स्वास्थ्य:**
- आउटरीच - उपलब्ध संसाधनों और सेवाओं के बारे में शिक्षा/जागरूकता में वृद्धि
- कई भाषाओं में परामर्श
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं जो मेडिकेयर और मेडिकेड द्वारा कवर की जाती हैं

**Transportation Services:**
**परिवहन सेवाएं:**
- उपलब्धता में आसानी - विकलांग लोगों के लिए और जो सीमित-अंग्रेज़ी बोलने वाले हैं
- लचीलापन - कम प्रतीक्षा समय और टाउनशिप की सीमाओं के बाहर सवारी
- किफ़ायती - सार्वजनिक परिवहन, Uber, और Lyft महंगे विकल्प हो सकते है

**Legal Services:**
**कानूनी सेवाओं:**
- आउटरीच - उपलब्ध कानूनी सेवाओं के बारे में जागरूकता/शिक्षा में वृद्धि

**Veterans Services:**
**वेटरन्स के लिए सेवाएं:**
- वेटरन्स अफेयर्स (VA) द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में वृद्धि
- परिवार के सदस्यों के लिए मार्गदर्शन
- मानसिक स्वास्थ्य और देखभाल
- सूचना और आउटरीच

**Housing Services:**
**आवास सेवाएं:**
- किफायती आवास
- विकलांग वृद्ध वयस्कों के लिए सुलभ आवास
- आवास उपलब्धता के लिए लंबी प्रतीक्षा सूची को संबोधित करना


1910 S. Highland Ave, Suite 100, Lombard, IL 60148 PHONE: 630/293-5990 FAX: 630/293-7488
TOLL FREE: 800/528-2000 E-Mail: info@ageguide.org WEBSITE: www.ageguide.org
Counties Served: DuPage, Grundy, Kane, Kankakee, Kendall, Lake, McHenry and Will

**Abuse Prevention Services:**
**दुर्व्यवहार निवारण सेवाएं:**

- दुर्व्यवहार के प्रकारों और संकेत के बारे में जागरूकता/शिक्षा में वृद्धि
- आउटरीच - दुर्व्यवहार की रिपोर्ट कहां और कैसे करें
- आम जनता में दुर्व्यवहार की रोकथाम के बारे में जागरूकता/शिक्षा बढ़ाना

**Acknowledgement**
**स्वीकृति**

एजगाइड उन सभी उत्तरदाताओं और वित्त पोषित भागीदारों को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता है जिन्होंने किसी भी आवश्यकता मूल्यांकन गतिविधियों में भाग लिया या सहायता की। इस इनपुट ने हमें मजबूत डेटा प्रदान किया जिसका उपयोग आने वाले वर्षों में हमारे काम का मार्गदर्शन करने के लिए किया जाएगा। एजगाइड की भविष्य की योजनाओं की अधिक विस्तृत समीक्षा के लिए, कृपया www.ageguide.org पर इसका सार्वजनिक सूचना दस्तावेज़ देखें।

1910 S. Highland Ave, Suite 100, Lombard, IL 60148 PHONE: 630/293-5990 FAX: 630/293-7488
TOLL FREE: 800/528-2000 E-Mail: info@ageguide.org WEBSITE: www.ageguide.org
Counties Served: DuPage, Grundy, Kane, Kankakee, Kendall, Lake, McHenry and Will